Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-11-2022 | अंक 390

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### नये थाना प्रभारी बने आनंद शाह



सतगावां थाना के पूर्व थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध का निलंबित किया गया वहीं पूर्व थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध पर शराब तस्करों से सांठगांठ का आरोप लगा था वहीं निलंबित के बाद शुक्रवार को देर शाम नए थाना प्रभारी आनंद शाह ने अपना पदभार ग्रहण किया पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने बताया कि विधि व्यवस्था चुस्त व दुरुस्त की जाएगी,नक्सलियों के खात्मे के लिए उनके खिलाफ अभियान चलता रहेगा साथ ही साथ ग्रामीणों व पीड़ित लोगों से अपील है कि बिचौलियों से सावधान रहें जनता अपने काम से स्वयं मिले यहाँ की जनता की सेवा के लिए चौबीस घंटे तत्पर रहूंगा साथ ही साथ उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार व महिलाओं को उत्पीड़न रोकने पर ज्यादा फोकस किया जाएगा।

## पत्थर गिरने से 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल



सतगावां थाना क्षेत्र के नासरगंज ब्लाक परिसर बीएसएनएल टावर के समीप निर्माणाधीन पदा. धिकारी आवास में ग्रेनाइट पत्थर को वाहन जे एच 02 बी जी 8061 से उतारने के दौरान पत्थर से दबकर दो मजदूर गंभीर रूप से घायल होने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है घायल मजदूर की पहचान मोहम्मद मोहसिन रजा 19 वर्ष पिता गुलाम हसन इचाक थाना क्षेत्र के डुमरांव गांव निवासी व चंदवारा थाना क्षेत्र के निवासी मोहम्मद इम्तियाज 26 वर्ष पिता मोहम्मद अनवर के रूप में पहचान की गई है प्घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले जाया गया जहां उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर कर दिया गया है। स मामले को लेकर डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि ग्रेनाइट पत्थर उतारने के दौरान पैर कुचल गया है और मजदूर के पैर टूट चुका है

## चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलटा,कोई हताहत नहीं

सतगावां थाना क्षेत्र के खुट्टा पंचायत के बरियारपुर में बुधवार के रात्रि के एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर खेत में दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला प्रकाश में आया है। वाहन नंबर डीएल 12 सीटी 2022 जो सफेद रंग के वेणु वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई । गुरुवार के सुबह सतगावां थाना को जानकारी मिली जहां थाने से थाना प्रभारी उत्तम कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन को जेसीबी के द्वारा निकालने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं निकल पाया है ।समाचार लिखे जाने तक वाहन के मालिक से पुलिस संपर्क साधने की कोशिश में थी। बरियारपुर मोड़ के समीप दुर्घटना का केंद्र बनता जा रहा है पूर्व में भी कई दुर्घटनाग्रस्त हुई है।

# बेसिक पारा मेडिकल ट्रेनिंग में दी गई ब्लड प्रेसर की जानकारी, 90 दिनों तक चलेगा प्रशिक्षण

## अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से बेसिक पारा मेडिकल ट्रेनिंग की हूई शुरुआत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भारत सरकार से निबंधित स्वयं सेवी संस्था अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से निरूशुल्क बेसिक पारा मेडिकल ट्रेंनिग का शुभारंभ न्यू कॉलोनी बरही के अपेम ट्रस्ट हॉस्पिटल में हुई। अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने प्रशिक्षण कीट देकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले फेज में बरही अनुमंडल से चयनित 20 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण 90 दिनों तक चलेगा। इन 90 दिनों में स्वास्थ्य से सं. बंधित थ्योरी एवम प्रैक्टिकल जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षक डॉ अनिल कुमार ने बताया की आज के समय में सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहनी चाहिए। अपेम अध्यक्ष ने



प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अभियार्थी के साथ कृष्णा प्रजापति एवं डॉ अनिल कुमार

प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से पहले फेज में 20 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। पूर्ण रूप से प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। हर पंचायत में खुलने वाले अपेम हेल्थ सेंटर में उन्हे सेंटर प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। उनके द्वारा स्वास्थ्य परामर्श की व्यवस्था की जाएगी। पहला दिन प्रशिक्षण में ब्लड प्रेसर के बारे में जानकारी दी गई। ब्लड प्रेसर कैसे मापा जाता है। उसके बारे में थ्योरी एवम प्रैक्टिकल दोनो तरीके से बताया गया। प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों में नीतू कुमारी पूनम कुमारी विनोद कुमार अभिषेक कुमार काजल कुमारी विजय कुमार दास अमरजीत कुमार चंदन कुमार मंटू पंडित नवीन कुमार कंचन कुमारी भारती कुमारी राखी कुमारी लक्ष्मी कुमारी खुशबू कुमारी आनंद कुमार सतीश कुमार नीलम कुमारी नितेश कुमार वीरेंद्र प्रसाद सहित 20 लोग शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सबिता गुप्ता, सुभम कुमार, लखन कुमार, काजल कुमारी, रीना कुमारी ने सहयोग किया।

# गुड़ियो बिजैया उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर्स की नही है व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है पंचायतवासी

## पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव ने की स्थाई डॉक्टर्स की पोस्टिंग व पीएचसी की मांग



पंसस प्रतिनिधी रोहित यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही मुख्यालय से 25 किमी की दूरी पर स्थित विजैया पंचायत में स्वास्थ्य उप केंद्र है। लेकिन यह केंद्र मात्र एक ए एन एम की भरोसे ही संचालित हैं। पिछले कई सालो से इस केंद्र के लिए डॉक्टर्स की व्यवस्था नही की गई हैं। जिसके कारण विजैया पंचायत के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। डॉक्टर्स के नही रहने से ओपीडी की व्यवस्था नही हो पा रही है। जिसके वजह से पंचायत के लोगों को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल जाना होता




है या कोडरमा जाना पड़ता है। जिसके कारण समय एवम धन ज्यादा खर्च होता है। इस मामले में बिजैया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर ही सवाल खड़ा किया है। कहा की वर्षो पुराना यह स्वास्थ्य केंद्र केवल नाम का है। केवल टीकाकरण एवम छोटी छोटी स्वास्थ्य समस्या का ही समाधान होता है। लेकिन न तो यहां ड॰क्टर्स आते हैं, न ही प्रसव की व्यवस्था है। प्रसव कराने के लिए निजी अस्पताल में जाना पड़ता है। बताया की विजैया पंचायत कोल्हुआकला, भण्डारो, डपोक बिजैया, मलकोको आदि के मिडिल प्वाइंट पर स्थित है। जिसके कारण यहां सभी पंचायतों के लोग पहुंचते हैं। लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त नही रहने के बज से गंभीर बीमारी में कई लोगों को जान भी गवानी पड़ रही है। पांच पंचायत का संगम को देखते हुए यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दरकार है। रोहित यादव ने कहा की पूर्व में भी कई बार इस समस्या को निदान करने हेतू स्वास्थ्य विभाग एवं प्रखंड प्रतिनिधियों को जानकारी दी जा चुकी है । पर किन्ही का इस समस्या को लेकर चिंता नही है। सिर्फ प्रखंड प्रतिनिधि अपना राजनीति रोटी सेकने में लीन रहते हैं। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव ने सरकार से स्थाई ड॰क्टर्स की पोस्टिंग कर नया भवन बनाने की मांग की है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भी मांग की है। क्या कहते है डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी : अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में ही ड॰क्टर्स की काफी कमी है जिसके कारण अनुमंडलीय अस्पताल का ओपीडी संचालन में काफी दिक्कतें हो रही हैं वैसे में उप स्वास्थ्य केंद्र विजया में डॉक्टर्स की व्यवस्था करना मुश्किल है हालांकि उस स्वास्थ्य उपकेंद्र में दो-दो एनम को लगाया गया है जिसके माध्यम से सरकार के द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जा रहा है।

HOTEL आकाश पैलेस
Contact No.: 9122662308 6299699176
AC/Non AC, Rest & Marriage Hall
सागर टेन्ट हाउस

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कांग्रेस पार्टी की धनवार पंचायत में बैठक सम्पन्न, मो सरताज बनें अध्यक्ष व महेश प्रसाद सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत शुक्रवार को बरही प्रखण्ड के धनवार पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से मो सरताज को धनवत पंचायत का अध्यक्ष व महेश प्रसाद को सचिव बनाया गया। मो हुमायूं को आईटी सेल प्रभारी बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों के साथ खड़ी रही है। कांग्रेस ने समाज के हर वर्ग का विकास किया है। इसकी नीतियां समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलने वाली है। हमारा भी यही लक्ष्य होना चाहिए हम सभी गरीब-गुरबों के साथ खड़े रहें। कांग्रेस पार्टी समाज के अंतिम छोर तक विकास की लौ पहुंचाने के प्रति संकल्पित है।मौके पर रघु गोप, गाजो यादव, वकील महतो, राजेंद्र यादव, मो शमीम, लालधारी महतो, संजय प्रसाद कुशवाहा, महेश प्रसाद, अब्दुल कादिर, महमूद अंसारी, जब्बार अंसारी, शब्बीर मोहम्मद, अकबर, मोहम्मद अली, मोहम्मद बदरुद्दीन, मोहम्मद मुश्ताक, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शरीफ, केवल महतो, मोहम्मद जसीम, मोहम्मद ग्यास, मोहम्मद हसन, मोहम्मद मिनहाज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आरएनवाईएम कॉलेज में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में अंतिम रूप से 32 विद्यार्थियों का हुआ चयन

### 45 झारखंड बटालियन ने कराया भर्ती प्रक्रिया संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भतह्न प्रक्रिया संपन्न करते 45 झारखंड बटालियन के जवान

राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में एनसीसी में नई भर्ती प्रक्रिया शुक्रवार को प्रारंभ की गई ।इस नई भर्ती प्रक्रिया में सेमेस्टर वन के अलग-अलग विषयों के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। भर्ती की प्रक्रिया 45 झारखंड बटालियन के आर्मी के द्वारा नियुक्त जवान सुविधा देशराज एवं हवलदार जयप्रकाश के द्वारा संपन्न की गई। जवानों के द्वारा प्रतिभागियों की रनिंग, शैक्षणिक योग्यता एवं मौखिक इंटरव्यू के द्वारा अंतिम रूप से चयन किया गया । अंतिम रूप से 16 लड़के एवं 16 लड़कियों का चयन किया गया । चयन प्रक्रिया में राम नारायण यादव महाविद्यालय की तरफ से एलएनओ लेफ्टिनेंट डॉ अजय कुमार रंजन एवं सीटीओ बबीता कुमारी उपस्थित होकर भर्ती कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की। डॉ अजय कुमार रंजन ने बताया की उनके कॉलेज के द्वारा सैकड़ो विद्यार्थियों ने एनसीसी में भर्ती के लिए भाग लिया। लेकिन नियमानुसार कुल 32 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

## चतरा डीएसपी के बड़े भाई का करंट लगने से मौत, शोक की लहर

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चतरा मुख्यालय डीएसपी सह चौपारण प्रखण्ड के सवैया निवासी केदार राम के बड़े भाई का करंट लगने से मौत हो गया। मृतक रामजनम राम पूर्व में शिक्षक थे और बिजली मरम्मती के दौरान बिजली के चपेट में आ गए। बताया जाता है कि फसल में पानी पटवन के लिए मोटर चालू करने गए थे इसी दौरान बिजली के चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन ने आनन फानन रामजनम राम को ईलाज के लिए चौपारण सामुदायिक अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने के बाद चौपारण वासियो में शोक की लहर दौड़ पड़ा। मृतक अपने पीछे भरापूरा संसार छोड़ चल गए। मृतक के पुत्र सुनील कुमार फिलहाल प्लस दो उच्च विद्यालय इंगुनिया में शिक्षण का कार्य कर रहे है। सूचना के बाद साथी शिक्षको ने घटना के प्रति गहरी सवेदन प्रकट किया। जीप सदस्य राकेश रंजन ने कहा कि रामजनम राम के मौत की सूचना से मर्माहत हूँ। हम सबके लिए अपूरणीय छति है।डीएसपी केदार राम ने कहा कि हमारे शर से अभिभवाक का साथ छूट गया। इधर चौपारण पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्तरपरिक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान गैरमजरूआ जमीन कीअतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीण धरना पर बैठे

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




धरना पर बैठे ग्रामीण।

बड़कागांव। प्रखंड अंतर्गत नयाटांड पंचायत भवन में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार शिविर आयोजन हुआ । परंतु इस दौरान बाजार की गैरमजरूआ जमीन की कुछ ग्रामीणों के द्वारा अतिक्रमण किए जाने के खिलाफ ग्रामीण शिविर में ही अपनी मांगो को लेकर धरना पर बैठें गए और करवाई की मांग करने लगे। धरना पर बैठें ग्रामीणों का कहना था कि मंगलवार बाजार कुम्हरडीहा थाना नंबर 108,खाता नंबर 102,प्लोट नंबर 54 रक्बा 3.56 एकड गरमजरूवा जमीन स्थित है। सर्वे खतियान में यह जमीन गरमजरूवा जमीन स्थित है। और इस जमीन में 12-14 पंचायत के लोगों के द्वारा वर्षो से बाजार लगाया जा रहा हैं ।तथा इसी जमीन पर सरकारी फंड से बाजार शेड तथा पंचायत भवन का निर्माण हुआ है। परंतु जमीन पर भूमाफियों के द्वारा कब्जा करके घर व गुमटी का निर्माण किया गया है। इससे पूर्व 2005 में ग्रामीणों के आवेदन पर अंचलाधिकारी ने कर्रवाई करके अवैध कब्जे जमीन को खाली कराया गया था। परंतु धीरे धीरे बाहुबली व भूमाफिया फिर से सरकारी जमीन को अवैध कब्जा करके घर व गुमटी का निर्माण कर दियें ।नयाटांड पंचायत मुखिया लीलावती कुमारी तथा मुखिया प्रतिनिधि अजित महतो से ग्रामीणों के द्वारा धरना को लेकर पूछे जाने पर उन्होने कहा कि ग्रामीणों का मांग जायज है। इसपर अंचलाधिकारी को ध्यान देने कि आवश्यकता है। बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिक. ारी जितेंद्र कु.पांडेय ने कहा कि 14 नवंबर तक सरकार आपके द्वार शिविर चल रहा है,18 नवंबर को अंचल कार्यालय आइए जांच पड़ताल कर समस्या का समाधान कराया जाएगा । धरना में शामिल ग्रामीणों में मुख्य रुप में से तुलेश्वर राम,भुनेश्वर सिंह, मनोज ठाकुर ,पंकज महतो,प्रकाश राम, हेंमत कुमार, छोटु कु. महतो,महेश सिंह,रंजीत प्रजापति, जनार्दन ठाकुर, तुलसी प्रजापति, उपेंद्र महतो,रविंदर कु.महतो,रा. जदीप ठाकुर, दिनानाथ कुमार, के अलावे दर्जनों ग्रामीण धरने पर उपस्थित थें।

## 4 सूत्री मांगों को लेकर अखिल झारखंड प्रथामिक शिक्षक संघ ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया

### मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन अनशन करने को मजबूर हो जाएंगे शिक्षक : चेतलाल राम

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम की अध्यक्षता में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर स्कूल में योगदान दिया। प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम ने शिक्षकों की अस्मिता की रक्षा और चार सूत्री मांगों को लेकर आन्दोलन को सफल बनाने की अपील की।श्री राम ने आगे कहा कि छठे पुनरक्षित वेतनमान की विसंगति को दूर किया जाए। 4-5 नववंर को काला बिल्ला लगाकर कार्य करने का निर्णय लिया गया है।मांगों में बिहार सरकार के तर्ज पर एमएसीपी का लाभ, अन्तर जिला स्थानांतरण जल्द करने, गैर शैक्षणिक कार्य एवं लिपिकीय काम से शिक्षकों को मुक्त करने आदि शामिल है।कहा कि अधिकारियों की शोषण, हिट्लरशाही पक्षपातपूर्ण एवं उपेक्षाओ से तंग आकर यह आंदोलन किया जा रहा है।सरकार ने मांगों को नहीं मानी तो अनिश्चितक. ालीन अनशन करने को शिक्षक मजबूर हो जाएंगे. ।इसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी।काला बिल्ला लगाने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम, रवि शंकर पाठक, अशोक कुमार, शिवराम शर्मा, अवधेश कुमार, उमेश कुमार महतो, संतोष कुमार महतो, असलम अंसारी,उचित्रा देवी, प्यारे लाल चौधरी,तुलेश्वर कुमार ,अरुण रविदास, उमेश कुमार महतो , लखेश्वर महतो, अमृतराय गिरधा ,अशोक मेहता, विनोद रजक, मनोज राम रविदास आदि।

## टी.एस.एस अध्यक्ष अरुण साहू ने खराब पड़े चापाकल को कराया ठीक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चौपारण प्रखंड अंतर्गत बच्छई पंचायत के डुमरी भुइयां टोली का चापाकल कई महीनो से खराब पड़ा हुआ था। जिससे आस पास के लोगो को पानी पीने में काफी परेशानी होती थी। लोगो को पानी लाने के लिए एक किलोम. ीटर दूर जाना पड़ता था। लेकिन जैसे ही इस बात की जानकारी टी.एस.एस अध्यक्ष अरुण साहू को मिली उन्होंने तत्काल अपने कार्यकर्ताओं से बोलकर चापाकल को ठीक कराने के लिए कहा। जिसे शुक्रवार को ठीक करा दिया गया। जिससे ग्रामीण खुश हो उठे। मौके पर पूर्व जिला परिषद बीरेंद्र भुइयां, मनोज साव, रंजीत गुप्ता, गणेश साहू, अशोक साहू, रामप्रवेश भुइयां, किनकर भुइयां, विजय भुइयां, बीरेंद्र भुइयां सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## मृतक बिरजू राणा के आश्रितों से मिलने नावागढ़ पहुँचे पूर्व विधायक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बीते दिनों रामपुर पंचायत के नावागढ़ निवासी बिरजू राणा का मुम्बई में मौत हो गया था। असामयिक मौत की खबर सुनकर पीड़ित परिवार से मिलने नावागढ़ पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। घटना के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बिरजू राणा के मौत खबर सुनकर काफी मर्माहत हूँ। पीड़ित परिवार को हर सभव मदद करूँगा। पूर्व विधायक ने मृतक के पिता व पुत्री से घटना के संदर्भ में विस्तृत जानकारी लिया। मालूम हो कि बिरजू राणा अपने सपरिवार मुम्बई में रहकर जीवकोपार्जन कर रहे थे। बिरजू राणा बीमार पड़े और ईलाज के दौरान मौत हो गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सीताराम साहू, सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, सिकेन्द्र कुमार राम, अनुज सिन्हा, विनोद यादव, कैलाश यादव, अशोक पासवान, मनोज कुमार, रणधीर कुमार, विवेक कुमार, देवकी राणा, दिनेश सिंह, रामदेव सीज, गौतम सिंह, मनोज चंद्रवंशी सहित अन्य।

## शिक्षकों ने चार सूत्री मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर किया अध्यापन का कार्य

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




काला बिल्ला लगाकर विरोध करते शिक्षकगण

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी प्रा. थमिक विद्यालय के शिक्षकों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर अध्यापन का कार्य किया। अखिल झारखंड प्रा. थमिक शिक्षक संघ के संरक्षक सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरना के प्रधानाचार्य चिंतामणि प्रसाद ने कहा कि शनिवार को भी प्रखंड के सभी प्राथमिक शिक्षक काला बिल्ला लगाकर अध्यापन का कार्य करेंगे। यह विरोध प्रदर्शन राज्य सरकार से प्रथम चरण के लड़ाई की सांकेतिक शुरुआत है। इसके माध्यम से सरकार को मांगों को पूरा करने का संदेश देना है। इसके बावजूद संघ की मांगें पूरी नहीं होती है तो क्रमबद्ध तरीके से दूसरे चरण का आंदोलन शुरु किया जाएगा। इसकी रूपरेखा आगे संघ द्वारा तय की जाएगी। कहा कि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ चार सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत है। जिसमें छठे पुनरीक्षित वेतनमान की विसंगतियों को दूर करने, झारखंड के शिक्षकों को एमएसीपी देने, शीघ्र अंतर जिला स्थानांतरण करने तथा गैर शैक्षणिक कार्य से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग शामिल है। काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध करने वालों में राजकीय मध्य विद्यालय विष्णुगढ़, राजकीय मध्य विद्यालय गाल्होबार, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरकी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरना समेत सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शामिल थे।

## खेल में हार व जीत का नही बल्कि खेल भावना का महत्व होता है : मनोज यादव

### हथिया में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता, बाराडीह को पराजित कर चिलोडीह बना चौम्पियन,





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

डॉ भीम राव अंबेडकर खेल मैदान हथिया में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का हुवा रंगारंग समापन। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। खिताबी भिंडत में बाराडीह और चिलोडीह की टीम आमने सामने थी। रोमांचक मुकाबले में गोल रहित फाइनल मुकाबले का निर्णय पेनाल्टीशूट आउट से निकला। 3 – 2 से चिलोडीह की टीम ने बाराडीह को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। पूर्व विधायक ने विजेता टीम को बधाई दिया और उपविजेता टीम को भविष्य की शुभकामनाएँ दिया। खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि खेल में जीत हार का कोई महत्व नही है बल्कि खेल भावना का महत्व है। कहा फुटबॉल के खिलाड़ी जीवन मे जरूर सफल होते है। विजेता व उप विजेता सहित फाइनल मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले व पूरे प्रतियोगिता में बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को अतिथियो ने ट्र०फी देकर पुरुस्कृत किया। इससे पूर्व आयो जन समिति अध्यक्ष कुलदीप पासवान, सचिव चाँद प्रसाद, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष आकाश गुप्ता, उप सचिव मनुवार अंसारी, उप कोषाध्यक्ष जनार्धन प्रसाद सुमन ने अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया। मैच में कुल 32 टीमो ने भाग लिया था। मैच को सफल बनाने में हथिया टीम के कप्तान पप्पू कुमार, उप कप्तान रामप्रवेश रविदास, आदि ने महती भूमिका निभाया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सीताराम साहू, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जिपा सदस्य राकेश रंजन, मुखिया प्रतिनिधि महेश भुइयाँ, पूर्व समिति सदस्य बसंती देवी, भाजपा नेता बिसुन प्रजापति, सुखदेव यादव, राजकुमार यादव, नेमधारी यादव, रामसेवक यादव, नाथो राणा, शिवकुमार यादव, संजय यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ के बैंक ऑफ इंडिया अचलजामो शाखा में ग्राहक एवं बैंककर्मियों के बीच हुई मारपीट

### घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से हो रहा वायरल



मारपीट की घटना के वायरल वीडियो की तस्वीर

विष्णुगढ़ प्रखंड के बैंक अ०फ इंडिया अचलजामो शाखा में शुक्रवार को एक ग्राहक एवं बैंककर्मियों के बीच मारपीट हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में दो बैंककर्मी एक ग्राहक के साथ धक्का-मुक्की के बाद मारपीट करते दिख रहे हैं। घटना को लेकर बताया जाता है कि अचलजामो निवासी ग्राहक भोला रजवार अपनी मां के बैंक खाते से बिना निकासी किए पांच हजार रूपये कटने की शिकायत लेकर अपनी मां के साथ बैंक पहुंचा था। उसने बैंक मैनेजर से मिलकर अपनी समस्या बताई। मैनेजर ने कहा कि आप पर वर्तमान में बैंक ऋण बकाया है, उसी के एवज में आपकी मां के खाते से पांच हजार रुपये डेबिट कर आपके ऋण खाते में जमा कर दिया गया है। इस तरह बगैर सूचना दिए मां के खाते से अवैध निकासी किए जाने पर ग्राहक भोला रजवार ने एतराज जताया। कहा कि अगर ऋण मेरे नाम पर है तो मां के खाते से बिना सूचना या सहमति के पैसा डेबिट करना कहां तक जायज है। इसी बात को लेकर बैंककर्मी एवं ग्राहक के बीच तू-तू, मैं-मैं होने लगी। तू-तू, मैं-मैं की घटना बढ़कर मारपीट में बदल गई। घटना की सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। इधर, ग्राहक भोला रजवार ने शनिवार को जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को इसकी लिखित सूचना देने की बात कही है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया शिक्षण कार्य

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी के निर्णय के आलोक में प्रखंड के सभी शिक्षक अपनी 4 सूत्री मांगों के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर पठन–पाठन का कार्य किया । शिक्षकों ने बताया कि सरकार हमारी मांगों को नजरअंदाज कर रही है विदित हो कि छठे वेतन आयोग में शिक्षकों को भी उत्क्रमित वेतनमान देने का प्रावधान है लेकिन उस समय की सरकार ने सिर्फ सचिवालय कर्मियों को ही इसका लाभ दिया और शिक्षकों को दरकिनार कर दिया गया। साथ ही बार–बार अंतर जिला स्थानांतरण को कानूनी दांवपेच लगाकर सरकार टालमटोल कर रही है ।जिससे सैकड़ों मील दूर शिक्षक कार्य करने को मजबूर है । दूसरी तरफ बिहार सरकार ने अपने शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ दे दिया लेकिन झारखंड सरकार उससे भी शिक्षकों को वंचित रखा है । साथ ही शिक्षकों के द्वारा इतना गैर शैक्षणिक कार्य कराया जाता है जिससे विद्यालयों में पठन–पाठन बाधित होता है और इसका सीधा नुकसान बच्चों का होता है । कार्यक्रम को सफल बनाने मैं सभी शिक्षकों ने भरपूर सहयोग दिया । अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार कमल, सचिव बद्दी उजमा , प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार दास, जनार्दन वर्मा, कैसर आलम ,राकेश कुमार, राजकुमार प्रजापति , शशिकांत शर्मा ,जन्मेजय सिंह , ब्रज किशोर प्रसाद , मृत्युंजय सिंह आदि शिक्षकों ने सभी शिक्षकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है।

## शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया


**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा अखिल झारखंड प्रथमिक शिक्षक संघ झारखंड के चार सूत्री मांगों को लेकर बरकट्ठा प्रखण्ड इकाई के समस्त सरकारी शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया । यह कार्यक्रम 4 – 5 नवम्बर तक किया जाएगा । वहीं अपनी मांगों के समर्थन में स्थानीय सांसद एवं विधायक को चार सूत्री मांगों से अवगत कराएंगे । कार्यक्रम के अनुसार 19 नवम्बर को मुख्यमंत्री झारखंड सरकार का घेराव किया जाएगा वही चार सूत्री मांगों में 1 छठे पुनरीक्षित वेतनमान की विसंगतियों को दूर करना । 2.झारखंड के शिक्षकों को ड।ब्ब न्यूनतम वृत्तिक उन्नयन दिया जाना 3. अन्तर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाना । 4.शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखना । इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं सचिव रामकिशुन महतो ने संयुक्त रूप से जानकारी दी है कि सरकार की शिक्षकों एवं सरकारी विद्यालयों के प्रति उचित नीति के अभाव में शिक्षा एवं शिक्षक दोनों प्रभावित हैं ।इसलिए परस्पर लोकहित में शिक्षकों के लिए शैक्षणिक पहलुओ पर विचार कर अजपता के मांगो पर विचार करे

## एनटीपीसी आईटीआई में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : एनटीपीसी कोल खनन परियोजना पंकरी बरवाडी के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 31 अक्टूबर से लेकर 7 नवंबर तक चलाया जा रहा है इसी के उपलक्ष में निबंध प्रतियोगिता औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के कई विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया ।इसमें मुख्य रूप से कर्णपुरा महाविद्यालय, जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय ,कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, एनटीपीसी औद्योगिक प्रशिक्षण के प्रशिक्षु कुल 100 विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियो. गिता मे भाग लिया । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के मुख्य अतिथि एनटीपीसी माइनिंग के उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने छात्र–छात्राओं को संबोधन करते हुए कहा कि जिस तरह पूरे देश में रिश्वत लेने एवं देने का हुजूम चल पड़ा है। इसको रोकने के लिए हम सभी भारतवासी और युवाओं को अपना भागीदारी लेना होगा ।तभी भारत भ्रष्टाचार मुक्त देश बन सकता है। सतर्कता के लेकर कई महत्वपूर्ण बातें बच्चों के बीच साझा की मौके पर उपस्थित संस्थान के अधीक्षक मिथिलेश कुमार उपाध्याय, कर्णपुरा इंटर कॉलेज के सचिव रामसेवक महतो, कर्णपुरा महाविद्यालय के प्रोफेसर निरंजन प्रसाद, सूचना–प्रसार प्रौद्योगिकी अनुदेशक प्रदीप कुमार, उपेंद्र कुमार ,श्रीनाथ श्री, अमरेश कुमार विद्यार्थी, विकास चौरसिया, मुकेश कुमार उपस्थित थे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 13 नवम्बर को

### टॉप 100 प्रतिभागियों को पुरस्कार के साथ मिलेगी छात्रवृत्ति की सुविधा

**अपेम लाइव : हज़ारीबाग**




हज़ारीबाग। कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा आगामी 13 नवम्बर को आयोजित की जाएगी, जिसमें ट०प 100 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किए जाने के साथ साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। उक्त जानकारी चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि संस्थान अपने शुरुआती दिनों से ही हजारीबाग सहित झारखंड की प्रतिभाओं को निखार कर सफल मुकाम तक पहुंचाने में जुटा है। उन्होंने कहा कि दरअसल इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र–छात्राओं की प्रतिभा को सिविल सेवा परीक्षाओं में अंतिम रूप से चयनित कराना और प्रतिभावान व आर्थिक रूप से असक्षम विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करना है। वहीं संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दो ग्रुप में आयोजित इस परीक्षा में हर ग्रुप के टॉप 50 प्रतिभागियों यानि कुल 100 प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से पुरस्कृ त किया जाएगा। साथ ही रैंक के मुताबिक 10 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इस प्रतियो. गिता में शामिल होने की योग्यता को लेकर पूछे जाने पर श्रीमति मिश्रा ने बताया कि मैट्रिक पास से उपर के सभी विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। फिलहाल इसके लिए पंजीयन जारी है और आगामी 11 नवम्बर तक प्रतिभागी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए कौशल्या प्लाज़ा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी, झिंझरिया पूल स्थित नेशनल लाइब्रेरी या शिव मंदिर व बाबूगांव चौक स्थित केपी लक्ष्मी एडु टेक से संपर्क कर आवेदन फ०र्म प्राप्त किया जा सकता है। बताते चलें कि परीक्षा में सामान्य ज्ञान से 60 प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी व जांच भी ओएमआर जांच मशीन द्वारा की जायेगी। प्रश्न हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों में होंगे। परीक्षा के लिए हज़ारीबाग़ शहर में दो परीक्षा सेंटर बनाए गये हैं। प्रतियोगिता संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए 9334700438 से संपर्क किया जा सकता है।

## बड़कागांव में लगा विहंगम योग संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर में 27 रक्त दाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया

### विहंगम योग संस्थान रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभाती है निर्मल जैन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


रक्तदान करते मुखिया रंजीत कुमार

बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में विहंगम योग संस्थान द्वारा व०लंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल क०लेज के सहयोग से, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित मरीजों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता, व०लंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ,आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार, विहंगम योग संस्थान के प्रचार मंत्री नागेश्वर प्रसाद मेहता, हजारीबाग जिला सहसंयोजक पंकज कुमार मिश्रा ,उपदेष्टा माधुरी देवी, भोलानाथ मेहता ने संयुक्त रूप से किया। रक्तदान का शुभारंभ दैनिक भास्कर पत्रकार दीपक सिन्हा ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात मुखिया रंजीत कुमार मेहता , आर्य कर्ण फौंडेशन के प्रताप कुमार, सह संयोजक पंकज कुमार मिश्रा ,प्रताप कुमार, कुलेश्वर साहू , गोपाल प्रसाद दांगी, ओमकार कुमार, शंकर कुमार, भुनेश्वर राणा, हीरालाल महतो, नवल किशोर सिंह ,कुलदीप ठाकुर, महेश महतो, दीपक कुमार ,भोलानाथ महतो, यशोदा देवी ,सुभाष मिश्रा, रोहित झा, विवेक कुमार, मोहन कुमार, घनश्याम जयसवाल ,बजरंगी मालाकार, अनिल कुमार, जगदीश महतो ,उदय महतो, मनोज साहू, रामजीवन माली आदि लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात व०लंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत–बहुत साधुवाद किया, साथ ही आयोजकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। विहंगम योग संस्था के गुरु भाई बहन द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न स्थानों में रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट कार्य किया जाता है ।इसी क्रम में 28 अक्टूबर को इचाक हदारी में 22 रक्त दाताओं ने 3 नवंबर को बरही में 12 रक्तदाता ने एवं 4 नवंबर बड़कागांव में 27 रक्त दाताओं ने रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में बड़कागांव एवं केरेडारी के संत समाज के पदम महतो, जीरा देवी, सुमन देवी, रामचंद्र साहब ,आयुष कुमार ,रामजीवन माली ,माधुरी देवी, महेंद्र प्रसाद , एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, सदस्य,अजय कुमार, मेडिकल क०लेज के टेक्नी. शियन मुरली प्रजापति, निहाल राज ,धीरेंद्र कुमार, के बी विमेंस क०लेज की छात्रा रिया गुप्ता, शोभा कुमारी, रूपा भारती ,शिल्पा गुप्ता ,काजल गुप्ता, अंकिता राणा, प्रीति भारती ,प्रिया कुमारी और इरम अफरीन आदि का विशेष सहयोग रहा।

APEM LIVE